## श्रीलंकाई सेंट्रल बैंक विवादित वेतन वृद्धि पर पुनर्विचार को सहमत; संसदीय हस्तक्षेप के बाद उठाया कदम

**नई दिल्ली।** अपने इतिहास के सबसे बुरे दिनों से गुजर रहे श्रीलंका में इन दिनों वहां के सेंट्रल बैंक द्वारा अपने कर्मियों की वेतन बढ़ोतरी का मुद्दा जोरों से विवादों में हैं। हाल ही में श्रीलंका की संसदीय समिति ने भी इसका संज्ञान लेते हुए इसकी समीक्षा करने को कहा था। वहीं, अब संसदीय समिति के हस्तक्षेप के बाद सेंट्रल बैंक ऑफ श्रीलंका ने विवादित वेतन वृद्धि को संशोधित करने पर अपनी सहमति जताई है।

सार्वजनिक वित्त आयोग (सीओपीएफ) ने के हस्तक्षेप के बाद सेंट्रल बैंक ऑफ श्रीलंका ने एक बयान जारी किया है। इसमें उसने कहा कि स्थिति को देखते हुए सीबीएसएल के अधिकांश वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने वेतन में संशोधन पर विचार करने का सामूहिक निर्णय लिया है। इसमें यह भी कहा गया है कि वह विंग में अनुभवी और पेशेवर कर्मचारियों को नियुक्त करता है। हाल ही में किया गया वेतन संशोधन अनुभवी कर्मचारियों को पूरी क्षमता से काम करने के लिए बनाए रखने के लिए किया गया था।

इससे पहले, बीते सार्वजनिक वित्त आयोग (सीओपीएफ) ने सेंट्रल बैंक ऑफ श्रीलंका (सीबीएसएल) को विवादास्पद भारी वेतन वृद्धि के कार्यान्वयन को रोकने की सिफारिश की। इस सिफारिश से पहले केंद्रीय समिति ने बैंक की कार्य प्रणाली की जांच और समीक्षा भी की थी। अपनी सिफारिशों में समिति ने कहा था कि केंद्रीय बैंक को दी गई परिचालन स्वतंत्रता के बावजूद, सभी वित्त सरकारी नियंत्रण के अधीन हैं।

## नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान की निगाहें भारत पर टिकीं, इस बात पर हो रहा गंभीरता से विचार

**नई दिल्ली।** एक तरफ आतंकवाद से लड़ाई और दूसरी तरफ गंभीर नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान की हालत कुछ ठीक नहीं है। ऐसे में पड़ोसी देश ने भारत के साथ व्यापार संबंधों को बढ़ाने की बात कही है। विदेश मंत्री इशाक डार के बयान से संकेत मिल रहा है कि पाकिस्तान अब भारत के प्रति राजनयिक रुख में बदलाव चाहता है।

**पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने क्या कहा?**

पाकिस्तान के विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार का कहना है कि भारत और पाकिस्तान के बीच अगस्त 2019 से व्यापार संबंध रुके हुए हैं। डार ने कहा कि इन संबंधों को बहाल करने पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। डार ने ब्रुसेल्स में परमाणु ऊर्जा शिखर सम्मेलन में भाग लिया और इसके बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में ये बातें बताई। उन्होंने भारत के साथ व्यापार गतिविधियों को शुरू करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के कारोबारी भारत के साथ फिर से व्यापार शुरू करना चाहते हैं। डार के अनुसार पाकिस्तान भारत के साथ व्यापार संबंध बहाल करने पर गंभीरता से विचार करेगा।

**राजनयिक रुख में बदलाव का संकेत**

जिस तरह से इशाक डार ने भारत के साथ व्यापार संबंधों को बहाल करने पर टिप्पणी की, उससे साफ है कि पाकिस्तान भारत के प्रति राजनयिक रुख में बदलाव का संकेत दे रहा है। दरअसल भारत सरकार द्वारा संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद पाकिस्तान ने भारत के साथ अपने राजनयिक संबंधों को कम कर दिया। उधर जम्मू-कश्मीर पर भारत पहले ही अपना रुख साफ कर चुका है। भारत कह चुका है कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के संपूर्ण केंद्र शासित प्रदेश देश के अभिन्न और अविभाज्य हिस्से थे।

## सुकन्या स्कीम में टैक्स छूट के साथ बेहतर रिटर्नःइसमें मिल रहा 8.2फीसदी ब्याज

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2023-24 का आखिरी महीना यानी मार्च खत्म होने में अब एक हफ्ते से भी कम का समय बचा है। इतने ही समय में आपको कई जरूरी काम निपटाने हैं। इन्हीं कामों में से एक है वित्त वर्ष 2023-24 के लिए टैक्स सेविंग इन्वेस्टमेंट। ये इन्वेस्टमेंट आपको 31 मार्च 2024 तक करना है।

अगर आप सेफ इन्वेस्टमेंट के साथ टैक्स भी बचाना चाहते हैं तो सुकन्या समृद्धि योजना पैसा लगा सकते हैं। इस स्कीम में अभी 8.20त्न सालाना ब्याज दिया जा रहा है। इससे आप अपनी बेटी के भविष्य को वित्तीय सुरक्षा देने से साथ ही टैक्स भी बचा सकेंगे।

**लड़की के 10 साल का होने तक खोल सकते हैं अकाउंट**

जन्म से 10 साल की उम्र तक ही बेटियों का सुकन्या समृद्धि योजना में खाता खुलवाया जा सकता है। एक परिवार में अधिकतम दो लड़कियों के लिए यह खाता खोला जा सकता है। जुड़वां या तीन बालिका बच्चों के जन्म के मामले में, दो से अधिक खाते खोले जा सकते है।

**21 साल का होने पर मैच्योर हो जाएगा अकाउंट**

लड़की के 21 साल का होने या लड़की की शादी होने के बाद अकाउंट मैच्योर हो जाएगा और आपको पूरा पैसा ब्याज सहित मिल जाएगा। सुकन्या समृद्धि योजना खाते से 18 साल की उम्र के बाद बच्चे की उच्च शिक्षा के लिए खर्च के मामले में 50त्न तक रकम निकाली जा सकती है। इसके अलावा बेटी के 18 साल का होने के बाद लड़की की शादी के समय भी आप पैसा निकाल सकते हैं।

खाता खोलने से 5 साल के बाद बंद किया जा सकता है। यह भी कई परिस्थितियों में किया जा सकता है, जैसे कोई खतरनाक बीमारी होने पर या अगर किसी दूसरे कारण से खाता बंद किया जा रहा हो तो इसकी इजाजत दी जा सकती है, लेकिन उस पर ब्याज सेविंग्स अकाउंट के हिसाब से मिलेगा। चालू वित्त वर्ष में सुकन्या समृद्धि योजना के तहत अधिकतम 1.5 लाख रुपए जमा कराए जा सकते हैं। सुकन्या समृद्धि योजना में निवेश करने पर इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 80ष्ट के तहत टैक्स छूट का लाभ लिया जा सकता है। इसके तहत 1.5 लाख तक के सालाना निवेश पर आप टैक्स छूट पा सकते हैं।

## पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 87 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 87 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 83 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। देश की सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने मंगलवार को पेट्रोल और डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में



कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.21 डॉलर यानी 0.24 फीसदी की बढत के साथ 86.86 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.13 डॉलर यानी 0.16 फीसदी की उछाल के साथ 82.08 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## केंद्र ने प्याज के निर्यात पर जारी प्रतिबंध अनिश्चितकाल के लिए बढ़ाया

**नई दिल्ली।** त्योहारी सीजन में केंद्र सरकार ने प्याज की कीमत को काबू में रखने के लिए प्याज के निर्यात पर लागू प्रतिबंध को अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा दिया है। प्याज के निर्यात पर दिसंबर में लगाया गया प्रतिबंध 31 मार्च, 2024 को समाप्त होने वाला था। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने देर रात जारी एक अधिसूचना में कहा है कि प्याज के निर्यात पर लागू मौजूदा प्रतिबंध अगली सूचना तक जारी रहेगा। सरकार ने प्याज की कीमतों पर नियंत्रण के लिए दिसंबर में प्रतिबंध लगाया था, जो 31 मार्च, 2024 को समाप्त होने वाला था। लोकसभा



चुनाव से भारत सरकार के इस कदम से विदेशी बाजारों में प्याज की कीमतों में इजाफा हो सकता है। उल्लेखनीय है कि देश के सबसे बड़े प्याज उत्पादक राज्य महाराष्ट्र के कुछ थोक बाजारों में प्याज की कीमतें दिसंबर 2023 के 4,500 रुपये से घटकर 1,200 रुपये (14 यूएस डॉलर) प्रति क्विंटल हो गई हैं। हालांकि, देश के अधिकांश राज्यों में प्याज का मौजूदा खुदरा भाव 30 रुपये प्रति किलोग्राम है।

## ईपीएफओ ने जनवरी में नेट 16.02 लाख सदस्य जोड़े

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने जनवरी में नेट (शुद्ध रूप से) 16.02 लाख सदस्य जोड़े हैं। इस दौरान करीब 8.08 लाख नए सदस्यों ने ईपीएफओ के साथ नामांकन कराया। सेवानिवृत्ति कोष का प्रबंधन करने वाले निकाय पीएफओ ने यह जानकारी दी है।

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने रविवार को जारी बयान में बताया कि ईपीएफओ के अनंतिम पेरोल आंकड़ों के मुताबिक जनवरी में शुद्ध रूप से 16.02 लाख सदस्य जोड़े गए हैं। वहीं, जनवरी, 2024 में पहली बार करीब 8.08 लाख सदस्यों ने




नामांकन कराया है। आंकड़ों के मुताबिक इनमें 18 से 25 आयु वर्ग के ज्यादातर सदस्य हैं। इनकी संख्या जनवरी 2024 में जोड़े गए कुल नए सदस्यों का 56.41 फीसदी है। पेरोल आंकड़ों के मुताबिक लगभग 12.17 लाख सदस्य ईपीएफओ की योजनाओं से बाहर निकल गए थे, वो फिर से शामिल हो गए हैं। इन सदस्यों ने अपनी नौकरी बदल ली और ईपीएफओ के दायरे में आने वाले प्रतिष्ठानों में फिर शामिल हो गए। मंत्रालय के मुताबिक इन्होंने अपने कोष को स्थानांतरित करने का विकल्प चुना। आंकड़ों के मुताबिक 8.08 लाख नए सदस्यों में करीब 2.05 लाख महिला सदस्य हैं। इसके साथ इस दौरान जोड़े गए शुद्ध महिला सदस्यों की संख्या लगभग 3.03 लाख रही। ईपीएफओ के आंकड़ों से पता चलता है कि संगठित कार्यबल में शामिल होने वाले अधिकांश व्यक्ति युवा हैं।

## बोइंग के सीईओ डेव कैलहौन देंगे पद से इस्तीफा; सुरक्षा संकट के बीच प्रबंधन में फेरबदल करेगी कंपनी

**नई दिल्ली।** कंपनी ने अपने बयान में कहा कि बोइंग कमर्शियल एयरप्लेन के अध्यक्ष और सीईओ स्टेन डील भी रिटायर हो जाएंगे। उनकी जगह स्टेफनी पोप लेंगी। टेक कंपनी क्वालकॉम के पूर्व सीईओ स्टीव मोलेनकोफ को बोर्ड का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कैलहौन जो जनवरी 2020 में बोइंग के टॉप पद पर पहुंचे थे विमानों में हुई हालिया घटनाक्रमों से आहत हैं। उन्होंने कहा कि उनकी कंपनी इन मामलों की जांच कर रहे नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड (एनटीएसबी) साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। डेव कैलहौन ने कहा कि एनटीएसबी एक सक्षम संस्था है और हम उनकी ओर से उठाए गए हर कदम और उनके निष्कर्षों पर भरोसा करते हैं। अलास्का एयरलाइंस में हुए हादसे के बाद अमेरिकी नियामक ने बोईंग के 171 737 मैक्स 9 विमानों को ग्राउंडेड कर दिया है।



## केंद्र ने कर्नाटक सरकार को एक-एक पैसा समय पर दिया : सीतारमण

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केंद्र सरकार ने कर्नाटक को देय एक-एक पैसा राज्य सरकार को समय पर दिया है। वर्ष 2014 से 2024 तक कर हस्तांतरण में 258 फीसदी की वृद्धि हुई है, जो कांग्रेस-नीत यूपीए सरकार के 10 वर्षों की तुलना में 3.5 गुणा अधिक है।

वित्त मंत्री कार्यालय ने एक्स पोस्ट में बताया कि निर्मला सीतारमण ने कर्नाटक के बेंगलुरु में जेपी नगर स्थित आरवी डेंटल कॉलेज में आयोजित थिंकर्स फोरम को संबोधित करते हुए यह बात कही। सीतारमण ने कहा कि राज्य का हर बकाये पैसे का हिसाब-किताब किया गया है, उन्हें समय पर फंड जारी किया गया। वर्ष 2004 से 2014 के बीच कर्नाटक को प्रति वर्ष मिलने वाला पैसा 81,795 करोड़ रुपये था, जो साल 2014 से 2024 तक बढ़कर 2,93,226 करोड़ रुपये हो गया है। सीतारमण ने बुद्धिजीवियों और शिक्षाविदों को संबोधित करते हुए कहा कि बेंगलुरु में 14.68 लाख जनधन खाते खोले गए, जबकि



देशभर में 52 करोड़ खाते खोले गए हैं। भाजपा शासन के 10 साल में सहायता अनुदान बढ़कर 273 फीसदी हो गया है, जो पिछले 10 वर्षों की तुलना में 3.7 गुना अधिक है। सीतारमण का यह बयान ऐसे समय आया है जब कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने एक दिन पहले कहा था कि राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर केंद्र को गंभीर सूखे की स्थिति से जूझ रहे राज्य को राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि के तहत तुरंत अनुदान जारी करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है।

## भारत बन रहा निवेश की पहली पसंद; दिवालिया कानून जैसे बदलावों का दिख रहा असर

**नई दिल्ली।** विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने भारत को एक आकर्षक निवेश ठिकाना बताया है। अधिकारी ने कहा कि दिवालियापन कानून और कराधान संहिता जैसे नीतिगत बदलाओं और डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर से तैयार सक्षम वातारण से भारत वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र के लिए एक बहुत ही बढ़िया निवेश स्थान बन गया है। डब्ल्यूईएफ में वित्तीय और मौद्रिक प्रणाली केंद्र के प्रमुख मैथ्यू ब्लैक ने कहा, भारत दुनिया में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले बाजारों में से एक रहा है और निवेशकों ने यहां पैसा बनाया है। वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र (जिसे फिनटेक भी कहा जाता है) उन कंपनियों से बना है जो वित्तीय सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करती हैं। हालांकि, ब्लैक ने यह भी कहा कि चूंकि बाजार पूरी तरह से एक सीध में नहीं चलते हैं और उतार चढ़ाव की संभावना होती है, इसलिए निवेशकों को शिक्षित करने की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा, इसलिए एक जानकार निवेशक, एक विविध निवेशक होने और ऐसा करने के लिए शैक्षिक संसाधनों तक पहुंच रखने का




विचार वास्तव में मौलिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) है। डब्ल्यूईएफ के मंच सेंटर फॉर फोर्थ इंडस्ट्रियल रिवोल्यूशन (सी4आईआर) की कार्यसमिति के सदस्य सेबस्टियन बकुप ने कहा कि भारत में अंतरिक्ष को लेकर उत्साह दुनियाभर से प्रतिभाओं को आकर्षित कर रहा है और उन्हें व्यवसाय शुरू करने और क्षेत्र के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित कर रहा है। सी4आईआर ने पिछले सप्ताह भारत में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी कार्यक्रम शुरू किया। इसका मकसद अंतरिक्ष में रुचि रखने वाले विभिन्न देशों के बीच वैश्विक सहयोग बनाया जा सके, क्योंकि भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ रही है। उन्होंने कहा, अंतरिक्ष के क्षेत्र में कुछ करने की इच्छा रखने वाले छोटे और महत्वाकांक्षी देशों के लिए भारत को एक आदर्श, एक प्रकाशस्तंभ के रूप में देखा जाता है। ये देश भारत की सहायता भी चाहते हैं। इस क्षेत्र में डब्ल्यूईएफ दोनों पक्षों के बीच एक कड़ी का काम करना चाहता है। ब्लैक ने कहा कि डब्ल्यूईएफ और कैम्ब्रिज सेंटर फॉर अल्टरनेटिव फाइनेंस की ओर से फिनटेक कंपनियों के सीईओ के बीच एक सर्वेक्षण कराया गया था। इसमें यह पता चला कि 70 प्रतिशत कंपनियां यह मानती हैं कि एआई को एक बड़ी ताकत है और इसे उत्पादों और सेवाओं के निजीकरण और अनुकूलन के लिए इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। उन्होंने क्षेत्रीय नियामकों के लिए कहा कि जोखिम प्रबंधन के संदर्भ में एआई मददगार हो सकता है।

## TCS का मार्केट-कैप एक हफ्ते में 1.10 लाख करोड़ गिरा

**नई दिल्ली।** मार्केट कैपिटलाइजेशन के लिहाज से देश की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) का मार्केट कैप पिछले हफ्ते ?1,10,134.58 करोड़ गिरा है। अब कंपनी का मार्केट कैप ?14.16 लाख करोड़ रह गया है। एक हफ्ते पहले यह ?15.26 लाख करोड़ था। इस दौरान देश की टॉप-10 कंपनियों में से 5 की वैल्यूएशन में कंबाइन रूप से ?1.98 लाख करोड़ की गिरावट आई। TCS के अलावा टेक कंपनी इंफोसिस और FMCG हिंदुस्तान यूनिलीवर के मार्केट कैप में इस दौरान ?52,291.05 करोड़ और ?16,834.82 करोड़ की कमी आई है। वहीं, वैल्यूएशन के हिसाब से सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का मार्केट कैप इस एक




हफ्ते में ?49,152.89 करोड़ बढ़कर ?19.69 लाख करोड़ हो गया है। इसके अलावा, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI), ITC, भारती एयरटेल और ICICI बैंक के मार्केट कैपिटलाइजेशन ने बढ़ोतरी हुई है।

**पिछले हफ्ते सेंसेक्स में 188.51 अंकों की तेजी रही थी**

पिछले हफ्ते सेंसेक्स में 188.51 पॉइंट्स या 0.25फीसदी की तेजी रही थी। वहीं, हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी सेंसेक्स 190 अंक की बढ़कर 72,831 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 84 अंक की तेजी रही, ये 22,096 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 21 में तेजी और 9 में गिरावट देखने को मिली थी।

## दुनिया के सबसे अमीर लोगों की लिस्ट में शामिल हुए डोनाल्ड ट्रंप, इतने अरब डॉलर पहुंची कुल संपत्ति

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दुनिया के सबसे अमीर लोगों की लिस्ट में शामिल हो गए हैं। ट्रंप की कुल संपत्ति में चार अरब डॉलर की वृद्धि हुई है। इसके साथ ही ट्रंप ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स पर 500 सबसे अमीर लोगों की श्रेणी में शामिल हो गए। डोनाल्ड ट्रंप की कंपनी ट्रंप ऑर्गनाइजेशन के कार्यकारी उपाध्यक्ष एरिक ट्रंप ने कहा है कि हमारे पास एक बड़ी कंपनी है और हम अविश्वसनीय रूप से सम्मानित महसूस कर रहे हैं। 77 साल के ट्रंप की संपत्ति पहले 3.1 बिलियन के शिखर पर थी। इसमें बड़े पैमाने पर रियल एस्टेट संपत्तियां शामिल हैं। ब्लूमबर्ग द्वारा साल 2015 से ट्रम्प की कुल संपत्ति का आंकलन किया जा रहा है। हालिया रिपोर्ट में ट्रंप प्रमुख रियल एस्टेट होल्डिंग्स से जुड़ी सार्वजनिक फाइलिंग और स्टाफ रिपोर्टिंग पर आधारित है। डोनाल्ड ट्रम्प का



की संपत्ति जो रिकेट्स, गॉर्डन गेटी और टोनी जेम्स के बराबर हो गई है। यह आंकड़ा राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों की व्यापारिक साम्राज्य खतरे में पड़ने वाला था। इसके बजाय, यह दिन उनके लिए सबसे बड़ा दिन बन गया। दरअसल एक घोखाधड़ी के मुकदमे में ट्रंप को 500 मिलियन डॉलर से अधिक का बॉन्ड भरना था। इसके बाद उनकी अपील पर कोर्ट ने इस राशि को 175 मिलियन डॉलर कर दिया था। ठीक उसी समय उनकी सोशल मीडिया कंपनी ट्रम्प मीडिया एंड टेक्नोलॉजी ग्रुप ने डिजिटल वर्ल्ड एक्विजिशन कॉर्प के साथ 29 महीने से लंबित विलय प्रक्रिया को पूरा कर लिया। इसका फायदा यह हुआ कि अरबों डॉलर के शेयर अब आधिकारिक तौर पर ट्रम्प के हैं। उनकी संपत्ति में कुल मिलाकर चार बिलियन डॉलर से ज्यादा वृद्धि हो गई। इसके साथ ही वह दुनिया के सबसे अमीर लोगों की सूची में शामिल गए।

## आईसीएआई एक जुलाई को जारी करेगा विजन डॉक्यूमेंट 2049, विकसित भारत बनाने में सीए और अकाउंटेंसी पेशे की भूमिका होगी रेखांकित

**जयपुर।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने अपने गठन के 75 साल पूरे होने का जश्न मनाते हुए 21 और 22 मार्च को जयपुर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में दो दिवसीय बैठक आयोजित की। बैठक में आईसीएआई के पूर्व प्रेसिडेंट और सेंट्रल काउंसिल सदस्यों ने %विकसित भारत 2047% में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में चर्चा की। साथ ही पेशे के लिए अगले 25 वर्षों के लिए एक रोडमैप की रूपरेखा तैयार की, जब आईसीएआई अपने शताब्दी वर्ष के करीब पहुंच जाएगा। आईसीएआई एक 'विजन डॉक्यूमेंट 2049' लेकर आएगा जो विद्यार्थियों और सदस्यों के विकास, नियामक और रिपोर्टिंग तंत्र को मजबूत करने, एआई जैसी नए युग की तकनीकी प्रगति को अपनाने और विकास में सीए के योगदान, देश में सस्टेनेबल इको सिस्टम को बढ़ावा देना, अकाउंटिंग, एश्योरेंस, टैक्सेशन, फाइनेंस, टेक्नोलॉजी और बिजनेस सलाहकार सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान अध्ययनों को मजबूत करना जैसे विभिन्न पहलुओं पर गहनता से ध्यान केंद्रित करेगा। सभी का उद्देश्य देश के आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर आईसीएआई के प्रेसिडेंट सीए रणजीत कुमार अग्रवाल के साथ आईसीएआई के वाइस प्रेसिडेंट सीए चरणजोत सिंह नंदा ने जयपुर में मीडिया से बातचीत की और बैठक की प्रमुख बातें साझा कीं।

आईसीएआई के प्रेसिडेंट सीए रणजीत कुमार अग्रवाल ने कहा कि हम आईसीएआई के भविष्य को लेकर उत्साहित हैं क्योंकि हम 75 साल की उत्कृष्टता का जश्न मना रहे हैं और अपने शताब्दी वर्ष के ऐतिहासिक पडाव की प्रतीक्षा कर रहे हैं। जयपुर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में हमारी रणनीतिक बैठक 'विकसित भारत 2047 और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की भूमिका' पर केंद्रित थी, जो भारत के वित्तीय परिदृश्य को आकार देने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को उजागर करती है। प्रौद्योगिकी, कौशल-निर्माण और टिकाऊ प्रथाओं पर मजबूत फोकस के साथ आईसीएआई निरंतर विकास और नवाचार के लिए तैयार है। हमारा आगामी विजन डॉक्यूमेंट 2049 हमारे सदस्यों को सशक्त बनाने और एक हरित, अधिक टिकाऊ वित्तीय क्षेत्र में योगदान करने के लिए अगले 25 वर्षों का मार्ग प्रशस्त करेगा। विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता एक्सीलेंस सेंटरों के हमारे विस्तारित नेटवर्क में झलकती है जो सीए की अगली पीढ़ी को आवश्यक प्रौद्योगिकी और कौशल से लैस करेगी। उन्होंने बताया कि सदस्यों, छात्रों और कर्मचारियों के फायदे के लिए तकनीकी प्रगति का लाभ उठाने पहली बार आईसीएआई ने %आईसीएआई में एआई% पर एक समिति का गठन किया है, जिसका उद्देश्य पेशेवर विकास और परिचालन दक्षता के लिए एआई की क्षमता का दोहन करना है। तकनीकी प्रगति के अलावा, आईसीएआई ने देश के टिकाऊ पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आईसीएआई द्वारा विकसित किए जा रहे स्थिरता मानक आने वाले वर्षों में पर्यावरणीय जवाबदेही और कॉर्पोरेट अनुपालन को बढ़ावा देंगे, जो टिकाऊ व्यावसायिक प्रथाओं के प्रति आईसीएआई के समर्पण को दर्शाता है। इस मौके पर आईसीएआई ने पूरे भारत में अपने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) नेटवर्क के लिए अपनी विस्तार योजनाओं की घोषणा की।

## एशिया की अरबपतियों की सूची में मुंबई ने बीजिंग को पीछे छोड़ा

**मुंबई।** चीन के बीजिंग को पछाड़कर मुंबई पहली बार एशिया की अरबपतियों की राजधानी बन गई है। मुंबई में अब बीजिंग से ज्यादा अरबपति हैं। हुरुन रिसर्च की 2024 ग्लोबल रिच लिस्ट के अनुसार, मुंबई में बीजिंग में 91 के मुकाबले 92 अरबपति हैं। हालांकि, अगर चीन देश की बात करें तो भारत के 271 की तुलना में यहां 814 अरबपति हैं। न्यूयॉर्क के बाद अरबपतियों के मामले में मुंबई अब वैश्विक स्तर पर तीसरे स्थान पर है। अरबपतियों के मामले में न्यूयॉर्क पहले नंबर पर है। यहां सबसे अधिक 119 अरबपति रहते हैं। इसके बाद लंदन आता है, जहां 97 अरबपति हैं। इस



मामले में मुंबई तीसरे स्थान पर है।

**मुंबई में कितने नए अरबपति?**

मुंबई में 26 नए अरबपतियों के कारण यह चीन की राजनीतिक और सांस्कृतिक राजधानी, बीजिंग से आगे निकल गई है। जबकि बीजिंग में 18 अरबपतियों की कमी आई है।

**कुल अरबपतियों की संपत्ति**

मुंबई की कुल अरबपतियों की संपत्ति 445 अरब डॉलर है, जो पिछले साल से 47 फीसदी ज्यादा है। वहीं बीजिंग की कुल अरबपतियों की संपत्ति 265 अरब डॉलर है, जो 28 फीसदी कम हुई है।

**शहर में हैं ये अरबपति**

मुंबई के वेल्थ सेक्टर्स में एनर्जी और फार्मास्यूटिकल्स शामिल हैं, जिसमें मुकेश अंबानी जैसे अरबपति का नाम शामिल है। रियल एस्टेट के खिलाड़ी मंगल प्रभात लोढ़ा (और परिवार) को सबसे ज्यादा वेल्थ मिली है।

**इन अरबपतियों की वैश्विक रैंकिंग में हुआ सुधार**

ग्लोबल रिच लिस्ट के अनुसार, मुकेश अंबानी संपत्ति में बढ़ोतरी के साथ 10वें स्थान पर रहे, जिसका श्रेय मुख्य रूप से रिलायंस इंडस्ट्रीज को जाता है। इसी तरह, गौतम अदाणी की संपत्ति में बढ़ोतरी के बाद वह वैश्विक रैंकिंग पर आठ पायदान ऊपर 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं। एचसीएल के शिव नादर और उनके परिवार की संपत्ति और वैश्विक रैंकिंग दोनों बेहतर हुई है। वह 16 स्थान ऊपर 34 नंबर पर पहुंच गए हैं।

**कुछ की रैंकिंग में गिरावट**

ग्लोबल रिच लिस्ट में कुछ भारतीय अरबपतियों की वैश्विक रैंकिंग में हल्की गिरावट देखी गई है। सीरम इंस्टीट्यूट के साइरस एस पूनावाला की कुल संपत्ति 82 अरब डॉलर के साथ मामूली गिरावट (नौ पायदान गिरकर 55वें स्थान) पर रही। भारत के अरबपति ग्रुप में सन फार्मास्यूटिकल्स के दिलीप सांघवी (61वें स्थान) और कुमार मंगलम बिड़ला (100वें) का भी योगदान है। वहीं, राधाकिशन दमानी आठ स्थान ऊपर चढ़कर 100वें स्थान पर पहुंच गए हैं।